बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-123
06/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में बांका जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 06 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में बांका जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में समाहरणालय सभागार, बांका में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। इस समीक्षात्मक बैठक में सांसद, विधानपार्षद एवं विधायकगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बांका के जिलाधिकारी श्री अंशुल कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जाने वाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास एवं मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के संबंध में जानकारी दी। साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी एवं बाल हृदय योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का लाभ सभी को मिले। उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के मामले पेंडिंग न रहें, इस पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि जो भी छूटे हुए बसावट/टोले हैं उसकी जानकारी मिलने पर वहां संपर्कता प्रदान करें। कृषि कार्य हेतु जो भी इच्छुक किसान विद्युत संपर्कता के लिए आवेदन देते हैं उन्हें कनेक्शन उपलब्ध कराएं। किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अन्य जो भी माध्यम हैं उस पर तेजी से काम करें। बिजली बिल की गड़बड़ी में शिकायत मिलने पर उसके समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई करें ताकि किसी को असुविधा न हो।

जिलाधिकारी श्री अंशुल कुमार ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया।

समीक्षा बैठक के दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, आपदा प्रबंधन मंत्री सह बांका जिले के प्रभारी मंत्री श्री शाहनवाज, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, लघु जल संसाधन मंत्री श्री जयंत राज, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, सांसद श्री गिरधारी यादव, विधान पार्षद एवं विधायकगण, विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त श्री दयानिधान पांडेय, भागलपुर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विवेकानंद, बांका के जिलाधिकारी श्री अंशुल कुमार, बांका के पुलिस अधीक्षक श्री सत्यप्रकाश सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******